(माहेश्वरी भवन के पास, तुलसीपुर)

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत Physics, Chemistry, Biology एवं Mathematics विषयों के शिक्षकों (जिन्हें राज्य सरकार की सेवा Join करने से पूर्व न्यूनतम 1 वर्ष तक इंजीनियरिंग (JEE) एवं मेडिकल (NEET) प्रतियोगिता परीक्षा के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में पढ़ाने का अनुभव हो) के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा समिति की विज्ञप्ति सख्यां– पी0आर0 60/2024 के क्रम में सूचित किया जाता है कि BSEB/CBSE/ICSE एवं अन्य बोर्ड के 10वीं की वार्षिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल (JEE/NEET) में प्रवेश हेतु राज्य के सभी नौ प्रमण्डलीय मुख्यालय जिलों– पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियां, भागलपुर, मुंगेर एवं गया में निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

2. निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) की व्यवस्था के तहत चयनित छात्र/छात्राओं के वर्ग 11वीं इंटरमीडिएट (विज्ञान) में उनके विषयवार निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था प्रत्येक प्रमण्डलीय मुख्यालय जिला में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा की जाएगी, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | जिला | शिक्षण संस्थान का नाम एवं पता |
|---|---|---|
| 1 | पटना | राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री नगर, पटना–800023 |
| 2 | मुजफ्फरपुर | बी० बी० कॉलेजिएट, मोतीझील, मुजफ्फरपुर–842001 |
| 3 | छपरा | विश्वेश्वर सेमिनरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, म्यूनिसिपल चौक, श्री नंदन पथ, छपरा– 841301 |
| 4 | दरभंगा | जिला स्कूल (नाका नं० 06 के समीप), लहेरियासराय, दरभंगा–846003 |
| 5 | सहरसा | जिला स्कूल, समाहरणालय रोड (सदर अस्पताल के पूरब), सहरसा–852201 |
| 6 | पूर्णियाँ | जिला स्कूल, नियर भट्टा बाजार, पूर्णियाँ–854301 |
| 7 | भागलपुर | जगलाल उच्च विद्यालय, कंपनीबाग, पोस्ट–भागलपुर सिटी, भागलपुर–812002 |
| 8 | मुंगेर | जिला स्कूल, छोटी केलावाड़ी, मुंगेर–811201 |
| 9 | गया | हरिदास सेमिनरी +2 स्कूल, सरकारी बस स्टैण्ड के समीप, थाना–सिविल लेन, पोस्ट–जी०पी०ओ०, गया–823001 |

### 3. निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) के तहत विषयवार शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण बिंदु

(i) यह कार्यक्रम वर्ष 2024 के माह मार्च–अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा।

(ii) इस निमित्त राज्य के सरकारी विद्यालयों में **Mathematics (गणित), Physics (भौतिकी), Chemistry (रसायन शास्त्र) एवं Biology (जीव–विज्ञान) विषयों के शिक्षक, जिन्हें राज्य सरकार की सेवा Join करने से पूर्व न्यूनतम 1 वर्ष तक इंजीनियरिंग (JEE) एवं मेडिकल (NEET) प्रतियोगिता परीक्षा के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में पढ़ाने का अनुभव** है, से समिति द्वारा संचालित की जाने वाली इस निःशुल्क शिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्राप्त इन आवेदनों की Shortlisting के उपरांत साक्षात्कार के माध्यम से विषयवार शिक्षकों का चयन करते हुए उन्हें इस शिक्षण कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

(iii) इच्छुक शिक्षक अपनी सुविधा के अनुसार उपर्युक्त कंडिका–2 में वर्णित नौ प्रमण्डलों के जिला मुख्यालय में अंकित शिक्षण संस्थानों में शिक्षण कार्य के लिए अपना विकल्प दे सकते हैं। यह विकल्प (Option) एक या एक से अधिक प्रमण्डलीय जिला मुख्यालय के लिए दिया जा सकता है।

(iv) प्रस्तावित निःशुल्क शिक्षण कार्य के लिए विषयवार– Mathematics (गणित), Physics (भौतिकी), Chemistry (रसायन शास्त्र) एवं Biology (जीव–विज्ञान) के लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर उनकी Shortlisting के पश्चात् उनका चयन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

(v) समिति द्वारा चयनित विषयवार ऐसे शिक्षक को उनके द्वारा दिये गए विकल्प (Option) के अनुसार कंडिका–2 में वर्णित नौ विद्यालयों में से किसी एक विद्यालय में पदस्थापन कराया जाएगा, जहाँ समिति द्वारा संचालित निःशुल्क शिक्षण कार्यक्रम में वे अपनी सेवायें सुगमतापूर्वक दे सकेंगे।

(vi) निःशुल्क शिक्षण कार्य के लिए चयनित शिक्षक को उनको भुगतेय कुल वेतन का 20 प्रतिशत अतिरिक्त राशि प्रोत्साहन मानदेय के रूप में देय होगा।

### 4. ऑनलाईन आवेदन एवं चयन की प्रक्रिया

| URL | https://coaching.biharboardonline.com/TeacherForm/TeacherForm |
|---|---|

(i) ऑनलाईन आवेदन भरने के दरम्यान पूर्ण विवरण देते हुए शैक्षणिक योग्यता एवं इंटरमीडिएट (विज्ञान) से संबंधित किसी एक या एक से अधिक कोचिंग/संस्थान में अध्यापन का अनुभव का उल्लेख करना होगा।

(ii) ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि **दिनांक–29.02.2024** तक निर्धारित की जाती है। निर्धारित अवधि तक प्राप्त आवेदनों की Shortlisting **करने के उपरांत साक्षात्कार हेतु** संबंधित शिक्षकों को **दिनांक 09.03.2024 तक** उनके E-mail/Mobile पर सूचना उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके पश्चात् Shortlisted ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक 18.03.2024 को** उनके Demo Class के साथ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना, सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना–800017 में **पूर्वाह्न 11:00** बजे से लिया जाएगा।

पी.आर. 77/2024

सचिव

Scanned with CamScanner